**Series ONS** **SET-1**

कोड नं.
Code No. **58/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र
# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*



Previous Pathshala

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न **अनिवार्य हैं।***

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के सामने उनके अंक दर्शाए गये हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1 - 5** और **16 - 20** अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में देना है।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **6 - 8** और **21 - 23** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यत: **60** शब्दों से अधिक न हों।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **9 - 11** और **24 - 26** यह भी लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यत: **70** शब्दों से अधिक न हों।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **12 - 15** और **27 - 30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर सामान्यत: **100** शब्दों से अधिक न हों।*

*(vii)* *उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त एवं सही होने चाहिए तथा यथासंभव निर्देशानुसार शब्द सीमा के भीतर उत्तर दिया जाना चाहिए।*

***Instructions :***

*(i)* ***All** questions in both sections are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Question No. **1 - 5** and **16 - 20** are very short answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in one sentence.*

*(iv)* *Question No. **6 - 8** and **21 - 23** are short answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60** words each.*

*(v)* *Question No. **9 - 11** and **24 - 26** are also short answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **70** words each.*

*(vi)* *Question No. **12 - 15** and **27 - 30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100** words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*



Previous Pathshala

## खण्ड – अ

## SECTION - A

1. यदि कुल अचल लागत शून्य हो, तो औसत परिवर्ती लागत और औसत कुल लागत में क्या संबंध होगा ? **1**

What is the relation between Average Variable Cost and Average Total Cost, if Total Fixed Cost is zero ?

2. एक फर्म एक वस्तु की कितनी भी मात्रा दी गयी कीमत पर बेच सकती है। फर्म की सीमांत सम्प्राप्ति (आगम) : **1**

(सही विकल्प चुनिए) :

(a) औसत सम्प्राप्ति से अधिक होगी

(b) औसत सम्प्राप्ति से कम होगी

(c) औसत सम्प्राप्ति के समान होगी

(d) शून्य होगी

A firm is able to sell any quantity of a good at a given price. The firm's marginal revenue will be :

(Choose the correct alternative) :

(a) Greater than Average Revenue

(b) Less than Average Revenue

(c) Equal to Average Revenue

(d) Zero

3. 'माँग में परिवर्तन' कब आता है ? **1**

When does 'change in demand' take place ?



Previous Pathshala

4. विभेदी उत्पाद इसकी एक विशेषता है : **1**

(सही विकल्प चुनिए) :

(a) केवल एकाधिकारिक प्रतियोगिता की

(b) केवल अल्पाधिकार की

(c) एकाधिकारिक प्रतियोगिता और अल्पाधिकार दोनों की

(d) एकाधिकार की

Differentiated products is a characteristic of :

(Choose the correct alternative) :

(a) Monopolistic competition only

(b) Oligopoly only

(c) Both monopolistic competition and oligopoly

(d) Monopoly

5. इस बाजार में एक फर्म का माँग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है : **1**

(सही विकल्प चुनिए) :

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकार

(c) एकाधिकारिक प्रतियोगिता

(d) अल्पाधिकार

Demand curve of a firm is perfectly elastic under :

(Choose the correct alternative)

(a) Perfect competition

(b) Monopoly

(c) Monopolistic competition

(d) Oligopoly



Previous Pathshala

6. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है। X और Y की सीमांत उपयोगिता क्रमशः 3 और 4 है। X और Y दोनों की कीमत ₹ 4 प्रति इकाई है। क्या उपभोक्ता संतुलन में है ? उपभोक्ता की आगे प्रतिक्रिया क्या होगी ? कारण दीजिए। **3**

A consumer consumes only two goods X and Y. Marginal utilities of X and Y are 3 and 4 respectively. Prices of X and Y are ₹ 4 per unit each. Is consumer in equilibrium ? What will be further reaction of the consumer ? Give reasons.

7. वस्तु की कीमत में 10 प्रतिशत वृद्धि का उसकी माँग पर क्या प्रभाव होगा यदि माँग की कीमत लोच (a) शून्य, (b) – 1, (c) – 2 हो। **3**

What will be the effect of 10 percent rise in price of a good on its demand if price elasticity of demand is (a) Zero, (b) – 1, (c) – 2.

8. न्यूनतम कीमत सीमा से क्या अभिप्राय है ? इसके परिणाम समझाइए। **3**

**अथवा**

यदि वर्तमान बाजार कीमत संतुलन कीमत से अधिक हो, तो इसके कारण पड़ने वाले प्रभावों की शृंखला समझाइए।

What is minimum price ceiling ? Explain its implications.

**OR**

If the prevailing market price is above the equilibrium price, explain its chain of effects.

9. माँग की परिभाषा दीजिए। बाजार माँग को प्रभावित करने वाले कारक बताइए। **4**

Define demand. Name the factors affecting market demand.



Previous Pathshala

10. अचल लागत की परिभाषा दीजिए। एक उदाहरण दीजिए। कारण बताते हुए समझाइए कि जैसे-जैसे उत्पादन में वृद्धि की जाती है औसत अचल लागत का व्यवहार क्या रहता है ? 4

**अथवा**

सीमांत उत्पाद की परिभाषा दीजिए। जब केवल एक आगत में वृद्धि की जाय और अन्य आगतों को स्थिर रखा जाय तो सीमांत उत्पाद का व्यवहार बताइए।

Define fixed cost. Give an example. Explain with reason the behaviour of Average Fixed Cost as output is increased.

**OR**

Define marginal product. State the behaviour of marginal product when only one input is increased and other inputs are held constant.

11. जब एक उत्पाद की कीमत ₹ 12 प्रति इकाई से घटकर ₹ 9 प्रति इकाई हो जाती है, तो उत्पादक उत्पाद की पूर्ति 75 प्रतिशत कम करता है। पूर्ति की कीमत लोच ज्ञात कीजिए। 4

When price of a commodity falls from ₹ 12 per unit to ₹ 9 per unit, the producer supplies 75 percent less output. Calculate price elasticity of supply.

12. एक अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय समस्याएँ क्यों पैदा होती हैं ? ''किसके लिए उत्पादन किया जाय'' केन्द्रीय समस्या समझाइए। 6

Why do central problems of an economy arise ? Explain the central problem of "for whom to produce" ?

13. अनधिमान वक्रों की तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 6

Explain three properties of indifference curves.



Previous Pathshala

14. (a) वस्तु X की अपनी कीमत गिरने और (b) वस्तु X पर कर की दर बढ़ने का पूर्ति वक्र पर पड़ने वाला प्रभाव समझाइए। रेखाचित्रों का प्रयोग कीजिए। 6

Examine the effect of (a) fall in the own price of good X and (b) rise in tax rate on good X, on the supply curve. Use diagrams.

**दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के स्थान पर।**

(a) वस्तु X की अपनी कीमत गिरने और (b) वस्तु X पर कर की दर बढ़ाने का पूर्ति पर प्रभाव समझाइए। तालिका का प्रयोग कीजिए।

**For blind candidates in lieu of Q. No 14.**

Examine the effect of (a) fall in the own price of good X and (b) rise in tax rate on good X on supply of a good. Use schedule.

15. एक पूर्ण प्रतियोगी बाजार में निम्नलिखित के परिणामों की व्याख्या कीजिए : 6

(a) विक्रेताओं की बड़ी संख्या

(b) समरूप उत्पाद

**अथवा**

एक अल्पाधिकार बाजार में निम्नलिखित के परिणामों की व्याख्या कीजिए :

(a) नई फर्मों के प्रवेश में रुकावटें

(b) केवल कुछ या कुछ बड़े उत्पादक

Explain the implications of the following in a perfectly competitive market :

(a) Large number of sellers

(b) Homogeneous products.

**OR**

Explain the implications of the following in an oligopoly market :

(a) Barriers to entry of new firms

(b) A few or a few big sellers



Previous Pathshala

## खण्ड – ब
## SECTION - B

**16.** प्रवाह की परिभाषा दीजिए। **1**

Define flows.

**17.** निम्नलिखित को प्राप्त कारक आय का योग राष्ट्रीय आय कहलाता है : **1**

(सही विकल्प चुनिए)

(a) नागरिक

(b) आर्थिक क्षेत्र

(c) निवासी

(d) निवासी और गैर–निवासी दोनों

National income is the sum of factor incomes accruing to :

(Choose the correct alternative)

(a) Nationals

(b) Economic territory

(c) Residents

(d) Both residents and non-residents

**18.** सरकारी बजट में राजस्व प्राप्तियों से क्या अभिप्राय है ? **1**

What are revenue receipts in a government budget ?

**19.** प्राथमिक घाटा इसके समान होता है : **1**

(सही विकल्प चुनिए)

(a) ऋण

(b) ब्याज भुगतान

(c) ऋण घटा ब्याज भुगतान

(d) ऋण और ब्याज भुगतान दोनों

Primary deficit equals :

(Choose the correct alternative)

(a) Borrowings

(b) Interest payments

(c) Borrowings less interest payments

(d) Borrowings and interest payments both



Previous Pathshala

**20.** भुगतान संतुलन लेखा में जो विदेशी विनिमय लेनदेन अन्य लेनदेनों से प्रभावित नहीं होते, यह कहलाते हैं : (सही विकल्प चुनिए) **1**

(a) चालू लेनदेन

(b) पूँजीगत लेनदेन

(c) स्वतंत्र लेनदेन

(d) समायोजन हेतु लेनदेन

Foreign exchange transactions which are independent of other transactions in the Balance of Payments Account are called :

(Choose the correct alternative)

(a) Current transactions

(b) Capital transactions

(c) Autonomous transactions

(d) Accommodating transactions

**21.** यदि वास्तविक आय ₹ 200 करोड़ है और कीमत सूचकांक 135 हो, तो मौद्रिक आय का परिकलन कीजिए। **3**

Assuming real income to be ₹ 200 crore and price index to be 135, calculate nominal income.

**22.** समग्र माँग से क्या अभिप्राय है ? इसके घटक बताइए। **3**

**अथवा**

समझाइए कि मुद्रा आपूर्ति पर नियंत्रण रखने से अधिमाँग को कैसे कम किया जा सकता है।

What is aggregate demand ? State its components.

**OR**

Explain how controlling money supply is helpful in reducing excess demand.



Previous Pathshala

**23.** एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है। सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का परिकलन कीजिए : **3**

राष्ट्रीय आय = 1000

स्वतंत्र उपभोग व्यय = 200

निवेश व्यय = 100

An economy is in equilibrium. Calculate Marginal Propensity to Consume :

National income = 1000

Autonomous consumption expenditure = 200

Investment expenditure = 100

**24.** पैट्रोल और डीज़ल कारों की बिक्री, विशेषतया बड़े शहरों में निरंतर बढ़ रही है। इसके सकल घरेलू उत्पाद और कल्याण पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए। **4**

Sale of petrol and diesel cars is rising particularly in big cities. Analyse its impact on gross domestic product and welfare.

**25.** मुद्रा का 'विनिमय का माध्यम' कार्य समझाइए। इसने वस्तु विनिमय से संबंधित समस्या का समाधान कैसे किया है ? **4**

**अथवा**

मुद्रा का 'आस्थगित भुगतान का मानक' कार्य समझाइए। इसने वस्तु विनिमय से संबंधित समस्या का समाधान कैसे किया है ?

Explain the 'medium of exchange' function of money. How has it solved the related problem created by barter ?

**OR**

Explain the 'standard of deferred payment' function of money. How has it solved the related problem created by barter ?

**26.** समझाइए 'रेपो दर' किस प्रकार ऋण सृजन के नियत्रंण में सहायक हो सकती है। **4**

Explain how 'Repo Rate' can be helpful in controlling credit creation.



Previous Pathshala

**27.** राजस्व व्यय और पूँजीगत व्यय में क्या अंतर है ? समझाइए कर और सरकारी व्यय किस प्रकार समाज में आय के वितरण को प्रभावित करने में सहायक हो सकते हैं। **6**

**अथवा**

प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर में क्या अंतर है ? संसाधनों के आवंटन को प्रभावित करने में सरकारी बजट की भूमिका समझाइए।

What is the difference between revenue expenditure and capital expenditure ? Explain how taxes and government expenditure can be used to influence distribution of income in the society.

**OR**

What is the difference between direct tax and indirect tax ? Explain the role of government budget in influencing allocation of resources.

**28.** बचत वक्र से उपभोग वक्र प्राप्त कीजिए और ऐसा करने में लिए जाने वाले चरण बताइए। रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए। **6**

Given saving curve, derive consumption curve and state the steps in doing so. Use diagram.

**दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर।**

उपभोग फलन समझाइए। उपभोग फलन से बचत फलन प्राप्त कीजिए।

**For the Blind Candidates in lieu of Q. No. 28.**

Explain consumption function. Derive saving function from consumption function.

**29.** भारतीय निवेशक विदेशों में उधार देते हैं। निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए : **6**

(a) भुगतान संतुलन लेखा के किस उपलेखा और किस पक्ष पर यह उधार दर्ज होगा ? कारण दीजिए।

(b) इस उधार का बाजार विनिमय दर पर प्रभाव समझाइए।

Indian investors lend abroad. Answer the following questions :

(a) In which sub-account and on which side of the Balance of Payments Account such lending is recorded ? Give reasons.

(b) Explain the impact of this lending on market exchange rate.



Previous Pathshala

**30.** 'बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद' और निजी आय ज्ञात कीजिए। **4, 2**

| | | (करोड़ ₹ ) |
|---|---|---|
| (i) | निजी अंतिम उपभोग व्यय | 800 |
| (ii) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | 20 |
| (iii) | विदेशों को निवल कारक आय | (−) 10 |
| (iv) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 300 |
| (v) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| (vi) | निवल देशीय पूँजी निर्माण | 200 |
| (vii) | सरकार द्वारा चालू हस्तांतरण | 40 |
| (viii) | मूल्य ह्रास | 100 |
| (ix) | निवल आयात | 30 |
| (x) | सरकार को प्राप्त आय | 90 |
| (xi) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 50 |

Find Gross National Product at Market Price and Private Income :

| | | (₹ crores) |
|---|---|---|
| (i) | Private final consumption expenditure | 800 |
| (ii) | Net current transfers to abroad | 20 |
| (iii) | Net factor income to abroad | (−) 10 |
| (iv) | Government final consumption expenditure | 300 |
| (v) | Net indirect tax | 150 |
| (vi) | Net domestic capital formation | 200 |
| (vii) | Current transfers from government | 40 |
| (viii) | Depreciation | 100 |
| (ix) | Net imports | 30 |
| (x) | Income accruing to government | 90 |
| (xi) | National debt interest | 50 |



Previous Pathshala